होवे अमृत की बरसात नाचो रे ले हाथों में हाथ लिरिक्स

आयी आयी दादी आयी,
देखो बाज उठी शहनाई,
होवे अमृत की बरसात,
नाचो रे ले हाथों में हाथ।bd।

सजा दरबार है प्यारा,
हुआ सिंगार है प्यारा,
लगाओ जय जयकारा,
हो दादी का,
झूमो सारे लोग लुगाई,
बांटो मेवे और मिठाई,
होवें अमृत की बरसात,
नाचो रे ले हाथों में हाथ।bd।

कृपा का भाव संजोती,
जली है पावन ज्योति,
मिलेंगे हीरे मोती,
आशीर्वाद के,
आई मंगल घड़ियाँ आई,
माँ ने ममता खूब लुटाई,
होवें अमृत की बरसात,
नाचो रे ले हाथों में हाथ।bd।

दादी की नज़र उतारो,
नून राई तो वारो,
कोई नारियल पधारो,
माँ के स्वागत में,
गावें 'चोखानी' बधाई,
दादी दर्शन देने आई,
होवें अमृत की बरसात,
नाचो रे ले हाथों में हाथ।bd।

आयी आयी दादी आयी,
देखो बाज़ उठी शहनाई,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

होवे अमृत की बरसात,
नाचो रे ले हाथों में हाथ।bd।

Singer – Payal Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com